प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सात–दिवसीय विशेष शिविर का समापन

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के तहत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं द्वारा आयोजित सात–दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह 16 जनवरी 2025 को संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के विषय में जागरूकता फैलाना था। शिविर में द्वितीय वर्ष के 27 छात्र–छात्राओं ने एनएसएस अधिकारी डा. आशुतोष मिश्रा के नेतृत्व में बेनी गांव के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया, सफाई अभियान चलाया, ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उनसे आधार कार्ड एवं उनकी साक्षरता से संबंधित जानकारी ली।

इस अवसर पर छात्रों ने एक नुक्कड़ नाटक द्वारा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस शिविर के दौरान छात्रों द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया एवं कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिविर में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ हर गतिविधि में भाग लिया और ग्रामीणों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की। शिविर का अंत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय अधिष्ठाता डा. अवधेश कुमार, शिविर प्रभार प्रोफेसर डा. आशुतोष मिश्रा, प्रोफेसर विपुल गुप्ता, सह–प्राध्यापक एस.के. शर्मा द्वारा संबोधित सराहनीय एवं प्रोत्साहित शब्दों के साथ हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के तहत जागरूक करते विद्यार्थी।

निदेशक संचार